हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 21 मई 2024
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 महतारी एक्सप्रेस से 8 माह में 8747 गर्भवती ...




13 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में निगम की टंकी का पानी ...




## ख़बर संक्षेप

### प्राकृतिक आपदा व राहत विषय पर बैठक आज

**बेमेतरा।** कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में आगामी मानसून 2024 में प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था के संबंध में 22 मई को शाम 5 बजे कलेक्टोरेट स्थित दृष्टि सभाकक्ष में आयोजित होने वाली बैठक 21 मई को समय-सीमा की बैठक के बाद होगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू सहित मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, संभाग, कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन विभाग, जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, जिला सेनानी होमगार्ड, ज़िले के सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगरीय निकाय, अनुविभागीय अधिकारी वन और प्रभारी अधिकारी आपदा प्रबंधन शामिल होंगे।

### लकड़ियों का अवैध परिवहन करते तीन ट्रैक्टर जब्त

**बालोद।** जिले में पेड़ों की अवैध रूप से कटाई और परिवहन के खिलाफ वन विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। वन विभाग की टीम द्वारा रात्रि में गस्त लगाकर लकड़ी के परिवहन पर रोक लगाने का प्रयास किया जा है। रविवार की रात्रि पड़कीभाट बायपास मार्ग पर वन विभाग द्वारा गस्त लगाकर लकड़ी से भरे वाहनों को रोककर जाँच की गईं। इस दौरान तीन ट्रैक्टर पर अवैध लकड़ी परिवहन करते पाए जाने पर जब्त करने की कार्रवाई की गई। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार तीनों ट्रैक्टर के माध्यम से प्रतिबंधात्मक लकड़ियों का परिवहन किया जा रहा था। इनमें अर्जुन, कसही सहित मिश्रित पेड़ों के गोले शामिल थे।

### श्रमिक ने लगाई फांसी

**भिलाई।** ठेका श्रमिक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक सेक्टर-9 अस्पताल ठेका श्रमिक के रुप में काम कर रहे भावेश निर्मलकर ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। शव को पुलिस ने पीएम के लिए शास्त्री अस्पताल भेज दिया है। भावेश रविवार की दोपहर ग्राम ढौर गांव स्थित अपने मकान में फांसी लगा ली। घटनास्थल से पुलिस को एक सुसायडल नोट भी मिला है। जिसमें आत्महत्या का कारण नहीं लिखा है बल्कि नौकरी से मिलने वाली पीएफ और अन्य रकम को परिजनों को देने की बात लिखी हुई है। पुलिस ने बताया कि भावेश के आत्महत्या मामले में कारण जानने के लिए दोस्तों समेत परिजनों से पूछताछ करेगी।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौत

**कुम्हारी।** मंदिर हसौद के ग्राम खुटेरी निवासी मानिकचंद यादव पिता स्व.तोरण यादव एवं शीतल यादव पिता रामआश्रय एक मोटर साइकिल पर भिलाई अपने रिश्तेदार को अस्पताल में देखने आये हुए थे। शाम लगभग 7:30 बजे वे घर लौट रहे थें कि अचानक अज्ञात वाहन ने कांजी हाऊस कुम्हारी में पीछे से ठोकर मारी दी जिससे मोटर साइकिल डिवाइडर से टकरा गई। डिवाइडर से टकराने से मोटर साइकिल चालक शीतल के सिर पर गंभीर चोट आई । 112 पोट्रोलिंग को ज्ञात होने पर घायल दोनों को कुम्हारी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर जाया गया।

# 21 दिवसीय शिविर शुरू, क्रिकेट, कराते, खो-खो, योग व फुटबॉल का दिया जा रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय स्थित स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में सोमवार को 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ कलेक्टर रणवीर शर्मा की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व व खेल एवं युवा कल्याण प्रभारी पिंकी मनहर उपस्थित थीं। इस 21 दिवसीय प्रशिक्षण में क्रिकेट, कराते, खो-खो, योग व फुटबॉल का कुशल प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा।

कलेक्टर शर्मा ने अपने उद्बोधन में बताया कि वे जब से बेमेतरा में ज्वाइन किया, उसके दूसरे दिन से ही नियमित रूप से स्टेडियम आ रहें हैं। उन्होंने बेमेतरा के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे भी आएं और स्टेडियम का सदुपयोग करें, क्योंकि स्वस्थ शरीर मे स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। खेल को खेल भावना से खेलें। खेल में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने सभी बच्चों को मोबाइल से दूरी बनाने को कहा कि और उन्हें खूब खेलकर अपनी क्षमता बढ़ाने प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों में खेल के प्रति जोश लाने कविता कही कि दम है तो निकलो आगे, मगर अपने आप से, आज थोड़ा, कल ज्यादा और उससे ज्यादा कविता के माध्यम से जोश भरा । उन्होंने बच्चों से कहा की अभी आपके पास समय है आप अभी विद्यार्थी है, ज्यादा नहीं तो कम से कम 1 घंटे आप मैदान मे दे और खेल से जुड़े रहे ।

## स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में कलेक्टर ने किया शिविर का शुभारंभ



### प्रशिक्षण का लें लाभ : एसडीएम

इस अवसर पर एसडीएम पिंकी मनहर ने अपने उद्बोधन में सभी बच्चों से अपील कर प्रशिक्षण का लाभ लेने की बात कही और आगामी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर अपना और अपने जिले का नाम रोशन करने को कहा । कराते कोच अजय वर्मा ने कराते खिलाडियों से कराते का प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। खेल प्रभारी पिंकी मनहर ने सभी प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण सामग्री वितरित की। इस अवसर पर स्टेडियम के कर्मचारी, बच्चे आदि उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत नवागढ़ में कॉम्प्लेक्स की नीलामी में था लोचा

# हाईकोर्ट ने 14 दुकानदारों के पक्ष में सुनाया फैसला, दुकान खाली करने का आदेश खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

नगर पंचायत नवागढ़ अंतर्गत गुरुद्वारा में सामने पुरानी हटरी स्थित दीनदयाल कॉम्प्लेक्स के 14 दुकानों की नीलामी को नगर पंचायत द्वारा निरस्त किये जाने के मामले में हाईकोर्ट ने 12 दुकानदारों के पक्ष में फैसला सुनाया है। कोर्ट ने सम्पूर्ण नीलामी की प्रक्रिया को सही ठहराया और तत्कालीन सीएमओ नवागढ़ द्वारा जारी नीलामी को निरस्त करने के आदेश को खारिज कर दिया। हाइकोर्ट के फैसले के बाद अब उन 12 दुकानदारों ने राहत की सांस ली है, जो दुकान की बोली लगाकर खरीदने के बावजूद सालों से अधर में लटके हुए थे। इस संबंध में उच्च न्यायालय बिलासपुर के अधिवक्ता प्रतीक शर्मा ने बताया कि वर्ष 2008 में जिन 14 दुकानदारों को दुकान दुकान आवंटित किया गया था, उसे निरस्त कर दिया गया था। उस मामले में 9 मई को उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए दुकानदारों को हुए दुकान आवंटन को सही ठहराया है। सीएमओ, कलेक्टर तथा राज्य शासन के आदेश को खारिज कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि नवागढ़ नगर पंचायत ने वर्ष 2008 में दुकान बनाने के नाम पर लोगों से 44-44 हजार रुपए लिए थे। परंतु वर्ष 2018 तक कुछ नहीं हुआ और वर्ष 2018 में कलेक्टर बेमेतरा से अनुमति लेकर नियमानुसार दुकानों का निर्माण व आवंटन किया गया। लेकिन, इस बीच मूल्य में वृद्धि हो जाने के कारण 32 में से केवल 14 दुकानों का ही प्रस्ताव द्वारा आमबोली के बीच आवंटित हो पाई थी।

सरकार बदलने के बाद एक बार फिर जांच कर रिपोर्ट कलेक्टर को दी गई। कलेक्टर बेमेतरा ने आदेश देते हुए दुकान आवंटन के प्रस्ताव को स्थगित कर दिया और तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी नगर पंचायत नवागढ़ देवांगन ने 26 जुलाई 2019 को आवंटन को शून्य बताते हुए नीलामी निरस्त कर, 7 दिन में दुकान खाली करने का आदेश दुकानदारों को दिया।



### सीएमओ के आदेश के खिलाफ न्यायालय में लगाई गुहार

सीएमओ के दुकान नीलामी आदेश के विरुद्ध न्यायालय का शरण लेते हुए दुकानदार चंद्रहास पांडेय एवं 11 अन्य ने अधिवक्ता प्रतीक शर्मा के माध्यम से उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका दायर की थी। करीबन 05 से ज्यादा चले मामले की अंतिम सुनवाई 9 मई को हुई और उच्च न्यायालय के जज राकेश पांडेय ने अन्य आधारों के अलावा नगर पालिका अधिनियम की धारा 323 के विरुद्ध आदेश पारित किए जाने के कारण कलेक्टर एवं तत्कालीन सीएमओ देवांगन के दुकान नीलामी निरस्तीकरण के आदेश को निरस्त करते हुए याचिकाकर्ताओं के पक्ष में फैसला सुनाया और आवंटन को सही ठहराया।

### जबरदस्ती परेशान करने वालों की कोशिश नाकाम

दुकानदार चंद्रहास पाण्डेय, अरुण बरनवाल, मनोज सोनी, डायमंड ठाकुर, नारायण निषाद, दिनेश मिश्रा आदि ने कहा कि न्यायालय ने हम सभी दुकानदारों को सही न्याय दिया है। नीलामी पूरी प्रक्रिया जांच में भी सही थी, फिर भी कुछ लोगों द्वारा हम दुकानदारों को परेशान करने के उद्देश्य से दबाव डालकर जबरदस्ती तत्कालीन कलेक्टर से प्रस्ताव निलम्बन एवं बिना किसी निर्णय के सीएमओ ने नोटिस जारी किया था। लेकिन अंततः सत्य की जीत हुई और न्यायालय ने हमारे पक्ष में फैसला दिया।

### 44-44 हजार देने वाले व्यापारियों का क्या होगा

44 हजार जमा करने वाले अश्वनी कुमार ने कहा कि 14 दुकानों के प्रक्रिया पूर्ण हुए आवंटन को तत्कलीन सीएमओ द्वारा बेवजह निरस्त करके आगे दुकान नीलामी की प्रक्रिया लटका दिया गया, जिससे 14 दुकानदारों के साथ-साथ शेष लोग को दुकान की आस में सालों अधर में रहे। अब कोर्ट ने 14 दुकानदारों के पक्ष में फैसला भी दे दिया, उन्हें उनकी दुकान भी मिल गयी। लेकिन 2008 में 44-44 हजार जमा करने वाले शेष व्यापारियों का क्या होगा, यह नगर पंचायत जल्द स्पष्ट करे।

### कोर्ट ने किया न्याय

इस संबंध में नगर पंचायत नवागढ़ के पूर्व अध्यक्ष गिरेंद्र महिलांग ने कहा कि मेरे कार्यकाल में दुकान आवंटन की प्रक्रिया परिषद के प्रस्ताव के अनुसार विधिवत हुई थी। शेष दुकानों के लिए टेंडर भी लग चुका था, परन्तु कुछ लोगों ने स्वार्थ सिद्धि एवं दुकानदारों को परेशान करने के लिए नीलामी को निरस्त कराया। संपूर्ण नीलामी की प्रक्रिया को सही ठहराकर न्यायालय ने सालों से बेवजह परेशान दुकानदारों को राहत दी है। अब बाकी दुकानों को जल्द विधिवत आवंटित नहीं कराया गया तो उन 44-44 हजार वाले 108 एवं 4-4 हजार वाले 166 दुकानदारों के साथ आंदोलन कर दुकान आवंटन पर जवाब मांगेंगे।

# महिला की टंगिया मारकर हत्या, पति पत्नी जेल दाखिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

देवरबीजा चौकी के ग्राम बाबा सिंधौरी में लकड़ी काटने वाले टंगिया से बेहरमी से महिला की हत्या करने वाले आरोपी पति- पत्नी को पुलिस ने हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया। न्यायालय ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

सिटी कोतवाली में एसडीओपी मनोज तिर्की, टी आई चन्द्रदेव वर्मा ने रविवार को हुई हत्या के पूरे मामले का खुलासा करते हुए बताया कि मृतिका के पति रोहित साहू पिता डोमार साहू के खेत मेड़ पर बबूल पेड़ को काट कर पत्नि एवं बच्चों द्वारा इकट्ठा करने की बात की। चेतन बघेल एवं उसकी पत्नि चम्पी बाई बघेल ने कटे हुए पेड़ को अपने कब्जे का होना बोलकर लकड़ी ले जाने से मना किया गया । आरोपी के मना करने पर मृतिका और आरोपी से विवाद हुआ। नहीं मानने पर चेतन दास ने अपने हाथ में रखी टंगिया से दुखनी बाई साहू के गला में प्राणघातक वार कर धक्का देकर गिरा देने के पश्चात दोनों पैर को काट दिया। उसकी पत्नी चम्पी बाई द्वारा मृतिका के दोनों बच्चों की हत्या करने की नियत से अपने हाथ में रखी टंगिया को लेकर दौड़ाया। जिस पर भाग कर दोनों बच्चों ने अपनी जान बचाई। प्रार्थी रोहित द्वारा मौके पर पहुंचने पर चेतन दास बघेल द्वारा पुनः हत्या करने की नियत से रोहित के ऊपर भी टंगिया से प्राणधातक हमला करने पर उसको चोट आई। मृतिका के पति रोहित साहू की रिपोर्ट पर पुलिस चौकी देवरबीजा में धारा 302, 323, 34 भादवि पंजीबद्ध किया गया। आरोपी चेतन वास बघेल पिता मान दास बघेल उम्र 38 वर्ष ,पत्नी चम्पी बाई बघेल पति चेतन दास बघेल उम्र 36 वर्ष बाबा सिंधौरी पुलिस चौकी देवरबीजा थाना को रविवार ही हिरासत में लिया गया।

■ बबूल पेड़ को काटकर ले जाने पर हुआ था विवाद

### कार्रवाई में ये रहे शामिल

कार्रवाई में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक चन्द्रदेव वर्मा, सहायक उप निरीक्षक डिग्री लाल सोना, प्रधान आरक्षक देवनारायण तिवारी, प्रथान आरक्षक छत्रपाल डहरिया, प्रधान आरक्षक नोहर यादव, प्रधान आरक्षक हेमंत साहू, आरक्षक प्रवीण वर्मा, आरक्षक देवेन्द्र साहू, आरक्षक कैलाश पाटिल, आरक्षक प्रदीप ठाकुर, आरक्षक छोटूराम टेम्बुकर, आरक्षक रमेश चन्द्रवंशी, महिला आरक्षक नंदनी यादव, महिला आरक्षक रामबती नेताम एवं अन्य स्टाफ शामिल रहे।

# मतगणना कार्य के लिए लगाई गई अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी

हर मतगणना टेबल पर एक-एक महिला कर्मचारी भी संभालेंगी मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 संसदीय क्षेत्र 07 अंतर्गत बेमेतरा ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र साजा, बेमेतरा व नवागढ़ की मतगणना का कार्य आगामी 4 जून को प्रातः 08 बजे से कृषि उपज मण्डी परिसर बेमेतरा में किया जाना है। इसके लिए ईव्हीएम (सीयू) मशीनों को स्ट्रांग रूम से मतगणना कक्ष में मतगणना टेबल तक लाने-ले-जाने के लिए विधानसभा क्षेत्र के टेबलवार 50 चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी इस कार्य को करेंगे।

कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने कार्य के लिए नामज़द कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। इस बार हर मतगणना टेबल पर एक-एक महिला कर्मचारी भी नज़र आएंगी।



कलेक्टर ने पिछले मंगलवार को हुई अधिकारियों की समीक्षा बैठक में निर्देश दिये थे कि मतगणना टेबल पर महिला कर्मचारियों को दायित्व सौंपा जाये। बैठक में उन्होंने कहा था कि महिला कर्मचारियों ने मतदान की प्रक्रिया को भी बखूबी अंजाम दिया है। वह मतगणना कार्य भी अच्छे से निभायेंगी।

**अधिकारियों को सौंपा गया स्ट्रांग रूम का प्रभार:** विधानसभा क्षेत्र 68 साजा के स्ट्रांग रूम प्रभारी नायब तहसीलदार थानखम्हरिया मोरध्वज साहू और ईवीएम परिवहन प्रभारी राजस्व निरीक्षक साजा राकेश वर्मा और बी. आदिनारायण थानखम्हरिया होंगे। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 69 बेमेतरा के स्ट्रॉंग रूम प्रभारी नायब तहसीलदार बेमेतरा राजश्री पांडेय, ईवीएम परिवहन प्रभारी राजस्व निरीक्षक बेरला रामदास भांडेकर व लक्ष्मी नारायण शर्मा बेमेतरा होंगे। वहीं, विधानसभा क्षेत्र 70 नवागढ़ के स्ट्रॉंग रूम प्रभारी नायब तहसीलदार नवागढ़ जयंत पाटले को बनाया गया है। ईवीएम परिवहन प्रभारी राजस्व निरीक्षक कमलेश शर्मा और उदयराम सोंड्रे नवागढ़ को बनाया गया है।

आवश्यकता है
हरिभूमि
छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र में टीम लीडर एवं प्रसार सहायक की आवश्यकता है। जिसका हेड क्वाटर राजनांदगांव शहर होगा। कार्यक्षेत्र राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा, कवर्धा जिला रहेगा।
पद : टीम लीडर - 1 पद
योग्यता : स्नातक, उम्र- 25-30 वर्ष
वेतन 12,000 + 2000
पद : प्रसार सहायक - 5 पद
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक, उम्र- 20-30 वर्ष
वेतन 10,000 + 2000
इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ दिनांक 20 मई से 25 मई 2024 तक निम्न ईमेल आईडी एवं व्हाटसअप नम्बर पर तुरंत संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर
8370049468, 9098324969
Email id: cir.haribhoomi@gmail.com

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

# बच्चों ने विविध गतिविधियों में लिया भाग

**बेरला।** विकासखण्ड बेरला अंचल के शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला मनियारी में समर कैंप का आयोजन किया गया। इस समर कैंप में विद्यार्थियों ने कविता, पाठ्य पुस्तक का वाचन, चित्रकला, कहानी आदि विविध गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लिया। इसके साथ ही शिक्षकों में कई गतिविधि कराकर बच्चों को लेखन, चित्रांकन, कौशल से जोड़ा गया। समर कैंप में उपस्थित शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला से प्रधान पाठक केशवराम देशलहरे, देवेंद्र सिंह राजपूत, भारतराम साहू सहायक शिक्षक, पूर्व माध्यमिक शाला से प्रशन कुमार राजपूत प्रधान पाठक, नंदकिशोर पटेल शिक्षक, दुर्गादास चेलक सीएससी संकुल मोहभट्ठा उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप



### तिलक लगाकर किया परीक्षार्थियों का स्वागत

**रायपुर।** आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित प्रदेशभर के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए इंट्रेंस एग्जाम सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा के निर्देश एवं कड़ी निगरानी में सचिव नरेंद्र दुग्गा के मार्गदर्शन में परीक्षा का आयोजन किया गया। एकलव्य विद्यालय में प्रवेश के लिए हुई परीक्षा में 29 हजार 200 छात्र छात्राएं शामिल हुए, जबकि 35684 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था, इसका प्रतिशत 81.83 रहा। परीक्षार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। परीक्षा परिणाम राज्य स्तर पर घोषित होगा और काउंसिलिंग पद्धति से प्रवेश दिया जाएगा। एकलव्य शाखा प्रभारी उपायुक्त प्रज्ञान सेठ द्वारा इस संबंध में आवश्यक लिखित निर्देश जारी कर अधिकारियों को कार्य सौंपे गए, जिससे परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

### यादव समाज की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा



**रायपुर।** महादेवघाट रायपुरा स्थित यादव सामाजिक भवन में विगत दिनों छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज से संबद्ध महानगर इकाई की बैठक हुई। इस बैठक में शहर जिला अध्यक्ष सुंदरलाल यादव ने कहा कि हिंदू रीति-रिवाज में विवाह के दौरान मौर सौंपने की परंपरा सालों से चली जा रही है। इस परंपरा को दूल्हे की सुहागिन माताओं के साथ अन्य सुहागिन रिश्तेदार महिलाएं निभाती हैं। विधवा माताओं को इस अधिकार से वंचित रखा गया है, लेकिन अब विधवा माताओं को भी दूल्हे पुत्र को मौर सौंपने का अधिकार दिया जाएगा। इसके अलावा समाज में किसी की मृत्यु होने पर कफन की जगह सहयोग राशि दी जाती है और मृत्युभोज स्वेच्छानुसार रखा गया है। इसी प्रकार कई शादी के नियमों को समाप्त किया गया। बैठक में परदेशीराम यादव, शत्रुघन यादव, प्रीतम यादव, मयाराम यादव, बैसाखू राम यादव, सुरेंद्र यादव, मतवारी यादव, नरेश यादव, रामस्वरूप यादव, लेखापाल, घुरूआराम यादव आदि उपस्थित रहे।

### सभी स्वास्थ्य केंद्रों में खुलेंगे जनौषधि केंद्र

**रायपुर।** लोगों को सस्ते में दवा उपलब्ध कराने के लिए सभी स्वास्थ्य केंद्रों में जनौषधि केंद्र खोले जाएंगे। अभी इसकी सुविधा सभी सरकारी अस्पतालों में नहीं है। जनौषधि केंद्रों की संख्या बढ़ाने के लिए राज्य शासन की ओर से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनआरोग्य योजना के तहत राज्य में कुल 200 जनौषधि केंद्र खोले गए थे, जिसमें से कई दुकानों पर ताले लग गए थे। इन दुकानों को पुनः खुलवाने लगातार प्रयास किया जा रहा है और स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल की ओर से भी इस पर गंभीरता दिखाई गई है।

# गांधी उद्यान अब नजर आ रहा बदला-बदला... मुख्यद्वार पर योग की झलक लुभा रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**अलग खबर**

राजधानी के जीई रोड स्थित गांधी-नेहरू उद्यान का बदला हुआ स्वरूप शहरवासियों को इन दिनों आकर्षित कर रहा है। मुख्य द्वार पर नए रंगरोगन के साथ योग की विभिन्न मुद्राओं की झलक दर्शाते चित्र से सजाया गया है। साथ ही पुराने झूलों की जगह बच्चों के लिए नए झूले, फिसलपट्टी लगाए गए हैं। इसके साथ ही गार्डन में रोज सुबह-शाम आने वाले लोगों की सेहतमंदी को ध्यान में रखते हुए एक्सरसाइज के अलग-अलग तरह के इक्विपमेंट उपलब्ध कराए गए हैं।

नगर निगम द्वारा शहर के बगीचों के सौंदर्यीकरण कर उन्हें संरक्षित करने योजना बनाकर कार्य कराया जा रहा है। इसी कड़ी में शहर के पुराने व ऐतिहासिक गांधी उद्यान के पुराने स्वरूप को बरकरार रखते हुए आगंतुकों की सुविधा के लिए पाथ-वे पर नए पेवर ब्लॉक लगाने के साथ ही सोलर लाइट से उद्यान को जगमगाने की व्यवस्था की गई है। बुजुर्गों के लिए यहां बापू की कुटिया बनाई गई है, जिसका संचालन पंजाबी सनातन सभा द्वारा किया जा रहा है।

सभा के अध्यक्ष जवाहर खन्ना ने बताया, पिछले 5 साल से उनकी संस्था बापू की कुटिया का संचालन सुचारू रूप से करती आ रही है। वरिष्ठजनों के लिए यहां विभिन्न तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जिसमें सदस्यों की सामूहिक सहभागिता रहती है। सेहत, मनोरंजन और पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी जन जागरूकता कार्यक्रम किए जाते हैं।

## बच्चों के लिए नए झूले, फिसलपट्टी भी, पेवर ब्लॉक, पाथ-वे पर हुआ काम

### योगा, मार्निंग और इवनिंग वॉक वाले भी

गांधी-नेहरू उद्यान में शांतिनगर, न्यू शांतिनगर, शंकर नगर, सिविल लाइंस, तेलीबांधा से भी लोग मार्निंग और इवनिंग वॉक करने आते हैं। वहीं योग के साधकों की टोली सामूहिक रूप से प्राणायाम, ध्यान, योगासन करने नियमित रूप से पहुंच रही है। उनका ये कहना है, शहर के प्राइम लोकेशन पर स्थित गांधी उद्यान से उनकी पुरानी यादें जुड़ी हुई हैं। पहले यहां बड़ी संख्या में लोग सुबह-शाम परिवार के साथ आते थे, पर अब उनकी संख्या पहले से कम हो गई है।



### जल्द करेंगे पानी की व्यवस्था

गांधी उद्यान में लगाए गए पेड़-पौधों को सूखने से बचाने पानी की व्यवस्था कर रहे हैं। इसके लिए जल्द बोरवेल खनन कराया जाएगा। जी-20 मद में उद्यान का सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है।

*- राजेश शर्मा*
*अधीक्षण अभियंता, ननि रायपुर*

### गार्डन में पानी की समस्या, फूलदार पौधे कम

नगर निगम के इस उद्यान में सबसे बड़ी दिक्कत पानी की है। पूर्व में नगर निगम द्वारा यहां बोरवेल खनन कराया गया, पर पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिलने से बगीचे में लगाई गई घास और पेड़-पौधों की सिंचाई नियमित रूप से नहीं हो रही है। यहां फूलदार पौधों की कमी लोग महसूस कर रहे हैं। बगीचे के मध्य में लगाया गया फौवारा एक अरसे से बंद पड़ा है। वहीं कुछ पौधे ऐसे भी हैं, जो पानी की कमी से सूखने लगे हैं।

## छत्तीसगढ़ सहकार भारती का प्रांतीय अधिवेशन 6 जुलाई को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सहकार भारती का प्रदेश अधिवेशन 6-7 जुलाई को होना सुनिश्चित हुआ है। इस संबंध में एक बैठक राष्ट्रीय कार्यसमिति तथा महिला सहकारिता प्रकोष्ठ की संयोजिका शताब्दी पांडेय की उपस्थिति में हुई। प्रदेश का अधिवेशन हर वर्ष किया जाता है, इस अधिवेशन में निमित्त प्रदेश के जिला, तहसील एवं राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक आहूत की गई। जहां जिलों से आने वाले सहकारिता से जुड़े सदस्यों की संख्या तथा सहकार मेले के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक अभयराम ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सभी अनुषांगिक संगठन राष्ट्र निर्माण में लगे हुए हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री करुणानिधि यादव तथा प्रतिज्ञा का वाचन वेदराम वर्मा, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष तथा सहकार भारती की राष्ट्रीय महिला सहकारिता प्रकोष्ठ की संयोजिका शताब्दी पांडेय ने अपने विचार प्रकट किए। बैठक में आरएस मिश्रा, जया द्विवेदी, कांति वर्मा, ममता राव देवरी, अवधेश दुबे, वाष्य जायसवाल, प्रेमशंकर द्विवेदी, दयाराम साहू, सुरेंद्र देशमुख, सत्येंद्र, राजा तिवारी, ललन यादव, आनंद चौबे आदि सहित पदाधिकारियों की सहभागिता रही।

## पुरानी मशीनों से जांच चक्कर लगा रहे मरीज

**रायपुर।** सबसे बड़े शासकीय अस्पताल में मरीजों की जांच का इंतजार कम होने का नाम नहीं ले रहा है। सीमित और पुरानी मशीनों से की जाने वाली सीटी स्कैन और एमआरआई की वजह से रोजाना क्षमता से कम जांच हो पाती है और मरीजों को अगले दिन जांच के लिए आने का समय दिया जाता है। रोजाना प्रतीक्षा सूची बढ़ने की वजह से सामान्य मरीजों को अपनी जांच के लिए पंद्रह दिन तक इंतजार करना पड़ता है। पुरानी मशीनों को बदलने के लिए अस्पताल प्रबंधन द्वारा शासन को प्रस्ताव भेजा गया है, मगर चुनाव आचार संहिता का हवाला देकर इस पर किसी तरह का विचार नहीं किया गया है। आंबेडकर अस्पताल में रोजाना डेढ़ से दो हजार के बीच ओपीडी होती है, जिसमें से 20 प्रतिशत मरीजों को जांच की आवश्यकता होती है।

## परसुलीडीह कॉलोनी में रोज 600 मकानों में 4 लाख लीटर पानी की आपूर्ति

# हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में निगम की टंकी का पानी करोड़ों का टैक्स वसूलने अब हिसाब-किताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**हरिभूमि सरोकार**

नगर निगम सीमा तथा इससे बाहर बसी हाउसिंग बोर्ड की परसुलीडीह कॉलोनी में पानी की समस्या हर साल गर्मी में बनी रहती है। इस कॉलोनी में जोन-9 सीमा में सड्डू स्थित टंकी से पानी आपूर्ति की जाती है। करीब 10 साल पुरानी इस कॉलोनी में 600 मकानों में 4 लाख लीटर से ज्यादा पानी रोज सप्लाई किया जाता है, लेकिन निगम द्वारा इसे नया जोन बनाने के बाद से जलप्रदाय का टैक्स नहीं मिल रहा है। इसे देखते हुए मामले की जांच कराने के बाद निगम अब हाउसिंग बोर्ड को 5 करोड़ से ज्यादा का डिमांड नोटिस भेजने की तैयारी में है।

राजधानी में लोग नल की धार पतली होने, पेयजल की समस्या को लेकर टैक्स देने के बाद भी रोज निगम को कोस रहे हैं। इनमें सड्डू, मोवा और दलदल सिवनी क्षेत्र की बस्तियों में रहने वाले परिवार भी शामिल हैं। वहीं दूसरी तरफ विधानसभा व महालेखाकार दफ्तर तक रायपुर निगम द्वारा पेयजल आपूर्ति की जाती है। निगम सीमा के बाहर परसुलीडीह कॉलोनी में भी जोन की सड्डू स्थित पानी टंकी से आपूर्ति होती है। इसके बाद भी निगम को नया जोन बनने के बाद से हाउसिंग बोर्ड से जलप्रदाय के बदले टैक्स नहीं मिल रहा है। इसे देखते हुए अब जलप्रदाय के जिम्मेदारों ने टैक्स वसूलने के लिए 5 करोड़ से ज्यादा का डिमांड नोटिस देने से पहले बोर्ड से मामले में अनुबंध की जानकारी के साथ ही दिए गए जलकर की जानकारी भी लेने की बात कही है। इसमें कई प्रक्रियाओं की जांच भी होगी।

### इस वजह से बने ऐसे हालात

परसुलीडीह स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी करीब 10 साल पुरानी बताई जा रही है। वहीं निगम द्वारा कराए गए परिसीमन के बाद जोन-2 और जोन -3 के 7 वार्डों को अलग किया गया। इसे नए जोन-9 में शामिल करने के बाद वहां कमिश्नरी शुरू की गई। करीब साढ़े 4 साल से जोन को हाउसिंग बोर्ड की पसुलीडीह कॉलोनी से जलप्रदाय का टैक्स नहीं मिल रहा है। घरेलू नल कनेक्शन के लिहाज से भी टैक्स तय किया जाता है तो 5 करोड़ से ज्यादा का डिमांड नोटिस निगम से हाउसिंग बोर्ड को भेजा जाएगा, हालांकि अभी जिम्मेदारों ने आकलन नहीं किया है। इसके लिए जोन आयुक्त के निर्देश पर जिम्मेदार अधिकारी बोर्ड से जानकारी जुटाने के बाद आगे प्रक्रिया करेंगे।




### जांच के बाद भेजेंगे डिमांड

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में जलप्रदाय से जुड़े मामले की जांच करा रहे हैं। सारी जानकारी लेने के बाद ही अब तक का बकाया वसूलने के लिए डिमांड नोटिस भेजा जाएगा। इसके लिए बोर्ड से भी अनुबंध और जलप्रदाय के रूप में दिए गए टैक्स की जानकारी मांगी जाएगी।

*- संतोष कुमार पांडेय, आयुक्त, जोन-9, ननि रायपुर*

### इन बिंदुओं पर भी होगी जांच

निगम का जलप्रदाय विभाग अब इन बिन्दुओं पर भी जांच करेगा कि अब निगम सीमा क्षेत्र में बाहर की कॉलोनी को किस नियम के तहत पानी भेजा जा रहा है। इसके लिए हाउसिंग बोर्ड व निगम से कोई पत्र-व्यवहार पूर्व में किया गया या नहीं। साथ ही कॉलोनी का निरीक्षण करने के बाद वहां लगभग कितने साल से पानी आपूर्ति दी जा रही है। इसके बदले निगम को अभी तक हाउसिंग बोर्ड से जलप्रदाय के लिए कितना टैक्स मिला है। इसका आकलन भी किया जाएगा। निगम को इसके पूर्व जलप्रदाय के रूप में कितना टैक्स मिला है। इसे जांचने के बाद ही डिमांड देने की प्रक्रिया जोन के जिम्मेदारों द्वारा की जाएगी। इसके लिए जानकारी जुटाई जा रही है।

### कॉलोनी में बोरवेल भी नहीं

विभागीय सूत्रों ने बताया कि सड्डू क्षेत्र में बोरवेल फेल होने की समस्या को देखते हुए हाउसिंग बोर्ड ने कॉलोनी से दूर ग्रामीण अंचल में तीन बोरवेल कराए हैं। जहां से पानी कॉलोनी के सम्पवेल तक पहुंचता है। गर्मी में वॉटर लेवल डाउन होने से पर्याप्त पानी कॉलोनी में रहने वाले परिवारों को नहीं मिलने की स्थिति बनती है। इस कॉलोनी में किसके कार्यकाल में पाइपलाइन निगम द्वारा बिछाई गई, इसकी जानकारी भी जिम्मेदारों से मांगी गई है। संबंधित क्षेत्र में पहले किस जोन में शामिल था, वहां से किस तरह की प्रक्रिया की गई है। इसके लिए दस्तावेजों की जांच भी होने वाली है।

# बूढ़ातालाब में नौकाविहार शुरू पुरानी एजेंसी ने उतारी 2 नई नाव

- बूढ़ातालाब पर्यटन मंडल को हेंडओवर
- शहरवासी परिवार संग ले सकेंगे बोटिंग का लुत्फ, फिर दिखेगी रौनक



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के बूढ़ातालाब में रविवार से नौका विहार की सुविधा शहरवासियों के लिए एक बार फिर से उपलब्ध कराई गई है। इसके लिए अभी शुरूआत में 2 नई बोट सरोवर में उतारी गई है। जिसमें लोग परिवार के साथ नौका विहार का आनंद उठा सकेंगे। पहले ही दिन बच्चों ने अपने पालक के साथ नई बोट की सवारी कर नौका विहार का लुत्फ उठाया। रायपुर नगर निगम द्वारा बूढ़ातालाब को छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल को हेंडओवर करने के बाद पुरानी एजेंसी द्वारा नौका विहार की सुविधा उपलब्ध कराने 2 बोट की सुविधा शुरू की गई है।

### एंट्री पाइंट पर टिकट की व्यवस्था

एक अरसे बाद शहर के प्राचीन व ऐतिहासिक विवेकानंद सरोवर में आकर्षक बोट देखकर लोगों का ध्यान इस ओर आकर्षित हुआ। पूछने पर पता चला कि सरोवर में बोटिंग की सुविधा शुरू की जा रही है। इसके लिए पर्यटन मंडल से अनुबंधित पुरानी एजेंसी द्वारा विवेकानंद सरोवर में बोट उतारी गई है। सूत्रों के मुताबिक, आने वाले दिनों में कुछ नए बोट भी शहरवासियों को नौकायन की सुविधा दिलाने उपलब्ध कराए जाएंगे। बोटिंग करने वालों के लिए बूढ़ातालाब के एंट्री पाइंट पर टिकट की व्यवस्था रहेगी। जहां अपनी सुविधा अनुसार लोग बोटिंग का लुत्फ उठा सकेंगे।

इस बार संचालन करने नहीं मिली एजेंसी तो 30 मई से स्टेशन सफाई अनुबंधों से होगा चालू

# निर्माण के 3 साल बाद अब खुलेगा पब्लिक टॉयलेट का ताला, रेलवे ने जारी किया टेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**खबर का असर**

रेलवे में अफसर बदल गए, पर नहीं खुला पब्लिक टॉयलेट का ताला, तीन साल से एजेंसी ही ढूंढ रहे, शीर्षक से हरिभूमि ने 13 मई के अंक में प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी, जिसके बाद अब रेलवे ने मामले को संज्ञान लेते हुए एक बार फिर टेंडर जारी किया है। इस बार रेलवे ने टेंडर की राशि को कम किया है और साथ ही संचालन की शर्तों को भी बदला है। अब तय हो चुका है कि एसईसीएल के सीएसआर फंड से बना स्टेशनों पर पब्लिक टॉयलेट तीन साल बाद खुलेगा। हरिभूमि ने बताया था कि पब्लिक टॉयलेट में लंबे समय से ताला लगा हुआ है, जिससे आधुनिक सुविधाओं का लाभ यात्रियों को नहीं मिल रहा है। सीनियर डीसीएम अवधेश कुमार त्रिवेदी ने बताया कि स्टेशन परिसर में बने 15 टॉयलेट के लिए दो बार निविदा जारी की गई। इससे पहले आरक्षित मूल्य तक की बोली लगाने वाला कोई नहीं आया, इसलिए इन्हें निरस्त करना पड़ा।



रेलवे में अफसर बदल गए, पर नहीं खुला पब्लिक टॉयलेट का ताला, तीन साल से एजेंसी ही ढूंढ रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रेलवे स्टेशन के बाहर यात्री सुविधाएं बढ़ाने एसईसीएल के सीएसआर फंड से रेलवे ने मंडल के 15 स्टेशनों पर पब्लिक टॉयलेट तो बनवा दिए, लेकिन इसका संचालन तीन साल में भी शुरू नहीं किया जा सका है। पब्लिक टॉयलेट पर ताला लटका हुआ है, अब बिना उपयोग के ये प्रसाधन कक्ष कबाड़ हो रहे। मंडल के अधिकारी बदल गए, लेकिन कोई भी पब्लिक टॉयलेट शुरू नहीं करा पाया। रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग ने टॉयलेट बनाने के बाद संचालन की जिम्मेदारी मंडल के कमर्शियल विभाग को दी थी, लेकिन मंडल के जिम्मेदार अभी तक इसके

मंडल के 15 स्टेशनों पर बने हैं पब्लिक टॉयलेट, प्रत्येक पर 8 लाख हुए खर्च

खराब हो रही मशीन मेंटेनेंस भी नहीं

पब्लिक टॉयलेट का उपयोग नहीं होने से यात्री सुविधाओं के लिए लगाई गई मशीन अब खराब हो रही है। दो साल से रेलवे ने मेंटेनेंस भी नहीं किया है। रैंप पर लगे टाइल्स टूट-फूट गए हैं। टॉयलेट में लगी सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन, महिला शौचालयों में भस्मक और पुरुष शौचालय में कंडोम वेंडिंग मशीन की सुविधा दी गई है।



जल्द शुरू करेंगे

सीएसआर फंड से रायपुर मंडल के स्टेशनों पर बने पब्लिक टॉयलेट का संचालन जल्द शुरू किया जाएगा। पूर्व में भी संचालन के लिए टेंडर निकाला गया था, लेकिन कोई एजेंसी या कंपनी सामने नहीं आई। अब फिर से प्रयास किया जाएगा, ताकि पब्लिक टॉयलेट की सुविधा लोगों को मिल सके। -अवधेश कुमार त्रिवेदी, सीनियर डीसीएम, रायपुर रेलमंडल

इन स्टेशनों पर पब्लिक टॉयलेट

सीएसआर फंड से रायपुर, सरोना, कुम्हारी, दुर्ग, हथबंद, सिलयारी, तिल्दा, बिल्हा, ए. केबिन, भाटापारा समेत अन्य स्टेशनों पर पब्लिक टॉयलेट बनाए गए हैं, जिसमें केवल दुर्ग में ही इसकी सुविधा लोगों को मिल रही है। अन्य जगहों पर रेलवे संचालन के लिए एजेंसी ही नहीं ढूंढ पाया है।

संचालन के लिए एजेंसी नहीं ढूंढ पाए। इस वजह से आधुनिक सुविधा वाले पब्लिक टॉयलेट अब अनुपयोगी हो चुके हैं। जानकारी के मुताबिक प्रत्येक टॉयलेट बनाने पर 8 लाख रुपए खर्च किए गए। यहां पुरुषों-महिलाओं व दिव्यांगजनों के लिए अलग-अलग शौचालय बनाए गए हैं। इसके अलावा रैंप भी बनाया गया है।

दो साल में एक बार किया टेंडर : जोन एवं मंडल में पब्लिक टॉयलेट तैयार हुए दो साल से अधिक हो चुके हैं, लेकिन इसके संचालन के लिए रेलवे ने अभी तक केवल एक बार ही टेंडर जारी किया। 2021 में एजेंसी नहीं मिलने पर जिम्मेदार अफसरों ने भी पब्लिक टॉयलेट शुरू करने की योजना ठंडे बस्ते में डाल दी। लोग खुले में शौच न करें, इस उद्देश्य से स्टेशनों के बाहर पब्लिक टॉयलेट बनवाए गए थे, लेकिन इसके शुरू नहीं होने से यात्रियों को भी असुविधा हो रही है। छोटे स्टेशनों के लिए अब तक टेंडर भी जारी नहीं किया गया है।

### एजेंसी मिले इसलिए घटा दिए आरक्षित मूल्य

पब्लिक टॉयलेट को संचालित करने के लिए तीसरी बार 15 मई को ई-नीलामी के माध्यम से निविदा जारी की गई है और नीलामी की तिथि 29 मई तय की गई है। आरक्षित मूल्य पहले 25 लाख था, जिसे अब घटाकर 15 लाख कर दिया गया है। यदि इस बार भी निविदा विफल होती है, तो ठेकेदार की सहमति होने पर मौजूदा स्टेशन सफाई अनुबंधों के साथ शौचालयों को संचालित करने की योजना है। स्वास्थ्य निरीक्षक और वाणिज्य निरीक्षक की एक टीम द्वारा एक संयुक्त सर्वेक्षण पहले ही पूरा कर लिया गया। बता दें कि 2021 में एजेंसी नहीं मिलने पर जिम्मेदार अफसरों ने भी पब्लिक टॉयलेट शुरू करने की योजना ठंडे बस्ते में डाल दिया था। हरिभूमि की खबर के रेलवे प्रशासन ने पूरे मामले को गंभीरता से लिया है। लोग खुले में शौच न करें, इस उद्देश्य से स्टेशनों के बाहर पब्लिक टॉयलेट बनवाए गए हैं।

### सफाई अनुबंध के साथ चालू करेंगे


पब्लिक टॉयलेट का संचालन करने ई-नीलामी के माध्यम से निविदा जारी की गई है। यदि इस बार भी 29 मई को निविदा विफल होती है, तो इसे मौजूदा स्टेशन सफाई अनुबंध के साथ चालू किया जाएगा।

*- अवधेश कुमार त्रिवेदी, सीनियर डीसीएम, रायपुर रेल मंडल*

# 32 करोड़ के प्रोजेक्ट से कनेक्ट होगा रेलवे स्टेशन से टाटीबंध व शदाणी दरबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गुढ़ियारी क्षेत्र में घनी बसाहट के चलते कई स्पाट पर ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है। इससे लोगों को छुटकार दिलाने के लिए कुछ महीनों में 32 करोड़ का प्रोजेक्ट शुरु होने वाला है। इसके लिए पश्चिम क्षेत्र के विधायक ने लोक निर्माण विभाग से सर्वे करवाने के बाद जल्द निर्माण की प्रक्रिया शुरु करने के लिए बजट में प्रावधान भी करवाया है। इस निर्माण से रोज लाखों लोगों की रेलवे स्टेशन, टाटीबंध और शदाणी दरबार तक पहुंच आसान होगी। कई रुटो से कनेक्टिविटी बढ़ने से लोगों को 5 किलोमीटर चक्कर लगाने से भी राहत मिलेगी। राजधानी की सड़कों का जहां समय-समय पर चौड़ीकरण किया जा रहा है, वहीं गुढ़ियारी क्षेत्र की बसाहट घनी होने के बाद भी इस क्षेत्र की कनेक्टिविटी की बेहतरी के लिए काम नहीं हुआ है। इसका खामियाजा रोज तीन लाख से ज्यादा लोगों को भुगतना पड़ता है। इसमें टाटीबंध से गुढ़ियारी होते हुए रेलवे स्टेशन आने वाले यात्री भी शामिल हैं।



### ट्रैफिक दबाव कम करने की तैयारी

एक्सप्रेस -वे से कई रुटों की कनेक्ट करने का काम लोक निर्माण विभाग करेगा। इसके लिए पहले चरण का सर्वे करवा रहे है। फ्लाईओवर नुमा रोड बनाने से कितने लोग प्रभावित होंगे, उस पर काम चल रहा है। इसके लिए राज्य शासन ने बजट में प्रावधान किया है। नए प्रोजेक्ट से हर वर्ग को राहत मिलेगी।

*राजेश मूणत, विधायक, पश्चिम विधान सभा, रायपुर*

### प्लेटफार्म नंबर -5 आसान होगा

शुक्रवारी बाजार और पहाड़ी चौक से होते हुए रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 5 तक आने-जाने के लिए 2 किमी बायपास सड़क 15 करोड़ रुपए में बनेगी। इस सड़क की चौड़ाई 10 मीटर होगी। इसके बनने से प्रभावित होने वाले लोगों के लिए मुआवजे का प्रावधान भी किया जाएगा। शासन ने गुढ़ियारी के लोगों की कनेक्टिविटी फाफाडीह तक बढ़ाने के लिए ढाई किलोमीटर लंबी बायपास सड़क बनाने की तैयारी में है। इससे लोगों को रोज 5 किलोमीटर अतिरिक्त रास्ता तय नहीं करना पड़ेगा। इस ढाई किमी लंबे गुढ़ियारी से फाफाडीह अंडरब्रिज पहुंच मार्ग को कनेक्ट करने पर 17 करोड़ रुपए खर्च का अनुमान है।

### भीड़ व ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत

रेलवे स्टेशन के पास उतरने वाले एक्सप्रेस- वे की कनेक्टिविटी सीधे भारत माता चौक गुढ़ियारी तक करने की तैयारी लोक निर्माण विभाग में शुरु हो चुकी है। इसके लिए चुनावी आचार संहिता के बाद काम में तेजी लाई जाएगी। इस पूरे प्रोजेक्ट पर काम होने से कई रुटों की कनेक्टिविटी गुढ़ियारी के शुक्रवारी बाजार से रेलवे स्टेशन को जोड़ने वाली सड़क पर भी काम शुरु होगा। एक्सप्रेस- वे को कनेक्ट करने से टाटीबंध की ओर से आने वाले लोगों को भी शहर की भीड़ वाले ट्रैफिक से राहत मिल जाएगी। वे सीधे शदाणी दरबार तक का सफर आसानी से तय कर लेंगे। इसका सबसे ज्यादा फायदा व्यापारियों को होगा।

# आरटीई की 52 हजार सीटों के लिए 75 हजार अर्जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत निजी स्कूलों में प्रवेश संबंधित प्रक्रिया आज से प्रारंभ हो जाएगी। पहले चरण की लॉटरी 20 से 30 मई तक निकाली जाएगी। इसके लिए लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा बीते वर्ष 19 दिसंबर को ही अधिसूचना जारी कर दी गई थी। जिन छात्रों के नाम निकाली जाने वाली लॉटरी में आएंगे, उन्हें 1 से 30 जून तक का समय संबंधित विद्यालय में प्रवेश के लिए दिया जाएगा।

इसके बाद दूसरे चरण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी। तय तिथि में प्रवेश नहीं लेने वाले विद्यार्थियों की सीटें लैप्स हो जाएंगी। पोर्टल में दर्ज की गई एंट्री के अनुसार, प्रदेश में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए आरटीई के अंतर्गत 6 हजार 554 स्कूलों ने पंजीयन कराया है। इन स्कूलों में आरटीई की 52 हजार 782 सीटें हैं। इसके लिए 74 हजार 588 आवेदन प्राप्त हुए हैं। विभाग द्वारा कोशिश की जा रही है कि जुलाई अंत तक प्रवेश संबंधित प्रक्रिया पूर्ण हो जाए, ताकि छात्रों की पढ़ाई प्रभावित ना हो। जिला शिक्षा कार्यालयों और कलेक्टर को पूर्व में ही दिशा-निर्देश दिए जा चुके हैं।

### हिंदी में दिलचस्पी नहीं

आरटीई नियमों के अंतर्गत निवास से निर्धारित दायरे के भीतर स्कूलों के लिए ही पालकों को आवेदन करना होता है। पिछले वर्षों की भांति इस बार भी पालकों की दिलचस्पी इंग्लिश माध्यम विद्यालयों में ही बनी हुई है। पहली प्राथमिकता के तौर पर पालक अंग्रेजी माध्यम का ही चुनाव कर रहे हैं। हिंदी माध्यम के रूप में बड़े निजी विद्यालयों को ही चुना जा रहा है। छोटे और मंझले हिंदी माध्यम के निजी स्कूल का चयन कम ही पालकों द्वारा किया जा रहा है। बीते सत्रों में भी इंग्लिश माध्यम विद्यालय की सीटें भर गई थीं, जबकि हिंदी माध्यम की सीटें रिक्त रह गई थीं।

### दो बार होगा भौतिक सत्यापन

आरटीई के अंतर्गत लॉटरी प्रक्रिया प्रारंभ होने के पूर्व स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा समस्त जिला कलेक्टर के लिए आदेश जारी किए गए थे। इसमें उन्हें आरटीई के अंतर्गत प्रवेश प्राप्त करने वाले छात्रों और उनके स्कूल छोड़ने के कारणों की समीक्षा करने कहा गया था। इसके अलावा नए सत्र से दो बार स्कूलों में इस बात का भौतिक सत्यापन होगा कि जिन छात्रों ने संबंधित स्कूलों में दाखिला लिया था, वे वहां नियमित रूप से अध्ययनरत हैं अथवा नहीं। डीपीआई द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, दूसरे चरण के लिए आवेदन 1 से 8 जुलाई तक मंगाए जाएंगे। दस्तावेजों के सत्यापन पश्चात 17 से 20 जुलाई तक लॉटरी निकाली जाएगी।

# उमसभरी गर्मी से पेट खराब होने की शिकायत, उल्टी-दस्त, कमजोरी भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

प्रदेश में भले ही तेज गर्मी नहीं पड़ी हो, मगर उमस भरे माहौल में पेट खराब होने की शिकायतें बढ़ने लगी हैं। आंबेडकर और जिला अस्पताल में रोजाना बड़ी संख्या में ऐसे मरीज पहुंच रहे हैं, जिन्हें उल्टी-दस्त के साथ बुखार और कमजोरी की शिकायत भी है। चिकित्सकों के अनुसार खानपान में लापरवाही और उमस भरी गर्मी में खाली पेट घूमने की वजह से इस तरह की दिक्कतें आ रही हैं।

इस अप्रैल और मई के महीने में शहर के साथ राज्य में भी लू नहीं चली है, मगर समय-समय पर बदलने वाला मौसम लोगों को बीमार करने के लिए काफी रहा है। वर्तमान में बारिश के बाद निकली धूप की वजह से उमसभरी गर्मी हो रही है, इस दौरान खाने-पीने में किसी भी तरह की ऊंच-नीच लोगों को बीमार करने के लिए काफी है। सूत्रों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से आंबेडकर और जिला अस्पताल के मेडिसिन विभाग में बड़ी संख्या में इस तरह की मौसम बीमारी की समस्या लेकर इलाज के लिए मरीज पहुंच रहे हैं। इनमें ज्यादातर की समस्या उल्टी-दस्त अथवा डिहाइड्रेशन की वजह से बुखार या कमजोरी होना है। चिकित्सकों का कहना है कि गर्मी के मौसम में बैक्टीरिया सक्रिय रहते हैं और बासी खाने-पीने की चीजों में पनपते हैं, इसके उपयोग से लोगों को इस तरह की समस्या आती है।

उमस जैसी गर्मी में बाहर घूमने की वजह से शरीर में पानी की कमी हो जाती है और कमजोरी तथा वायरल फीवर जैसी समस्या से लोग पीड़ित हो रहे हैं।

## जिला और आंबेडकर अस्पताल में रोजाना बड़ी संख्या में उमड़ रहे मरीज

### गन्ना रस, जलजीरा से जोखिम

चिकित्सकों के अनुसार गर्मी के दिनों में अक्सर बाजार में गन्ना रस, जलजीरा, खुली आइसक्रीम की दुकानें सजती हैं। इनका अधिक सेवन बीमारी का कारण बन सकता है। ज्यादातर ऐसी दुकानों में साफ-सफाई का ध्यान नहीं रखा जाता, जिसका उपयोग जोखिम का कारण बन सकता है। गर्मी में बीमारियों से बचने के लिए शरीर में पानी की कमी न हो, इसका ध्यान रखना जरूरी है।

### बच्चों को अधिक समस्या

चिकित्सकों के अनुसार अधिक उम्र के लोग खानपान को लेकर सावधानी बरतते हैं, लेकिन छोटे बच्चों के बीमार होने का खतरा अधिक रहता है। कम आयु के लोगों में रोग प्रतिरोधक क्षमता भी कम होती है, इसलिए उन्हें लेकर अधिक सावधानी बरतने की आवश्यकता है। बैक्टीरिया की वजह से बच्चों में उल्टी-दस्त की शिकायत अधिक होती है, ऐसे में तत्काल चिकित्सकों की सलाह लेनी चाहिए।




### दोनों अस्पतालों में रोज सौ मरीज

दोनों अस्पतालों के मेडिसिन विभाग की ओपीडी में रोजाना पांच सौ मरीज पहुंचते हैं, इनमें से सौ लोगों की समस्या मौसमी बीमारी की होती है। ज्यादातर मरीजों का इलाज लक्षण के आधार पर दवा देकर किया जाता है और कुछ मरीजों को स्लाइन चढ़ाने के लिए भर्ती करने की आवश्यकता भी होती है।

### क्या कहते हैं चिकित्सक

गर्मी के मौसम में बैक्टीरिया के सक्रिय होने की वजह से उल्टी-दस्त की समस्या बढ़ जाती है। इसके मरीज रोजाना अस्पताल पहुंच रहे हैं। गर्मी में खानपान को लेकर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।


**- डॉ. आरएल खरे**
विशेषज्ञ, आंबेडकर अस्पताल

बच्चों का इम्युनिटी पॉवर कमजोर होता है, इसलिए उनके स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। बच्चों के साथ बड़े भी मौसमी बीमारी से पीड़ित होकर अस्पताल पहुंच रहे हैं।

**- डॉ. निलय मोझरकर**
शिशुरोग विशेषज्ञ, जिला अस्पताल

## खबर संक्षेप

### पद्मश्री रामलाल का अभिनंदन करेगा धोबी समाज



**रायपुर।** प्रसिद्ध नर्तक रामलाल बरेठ को पद्मश्री सम्मान दिए जाने पर केंद्र सरकार और राज्य सरकार का धोबी समाज ने आभार जताया है। इसी दौरान समाज के पदाधिकारियों ने प्रदेशाध्यक्ष सूरज निर्मलकर के निर्देश पर श्री बरेठ का सम्मान करते हुए आमंत्रण पत्र सौंपा। समाज ने राजधानी के नातिन धोबिन दाई परिसर बोरियाखुर्द में अधिवेशन आयोजित कर अभिनंदन करने का निर्णय लिया है। समाज के महानगर अध्यक्ष वरुण निर्मलकर ने बताया कि यह कार्यक्रम 10 जून को होगा। इस अवसर पर पवन निर्मलकर, जगमोहन निर्मलकर, गोपाल निर्मलकर, चैतराम निर्मलकर, घनश्याम चौधरी, रामायण रजक, हेमंत निर्मलकर, मधु निर्मलकर आदि उपस्थित रहे।

### प्राची को पीएचडी

**रायपुर।** रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय धनेली ने प्राची अनर्थ को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्हें 'शिक्षा' विषय पर पीएचडी मिली है।



उन्होंने रायपुर जिले के उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की आधुनिकता के प्रति अभिवृत्ति का उनकी अध्ययन आदतों पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन किया है। उन्होंने संपूर्ण शोधकार्य शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव के निर्देशन में पूरा किया है।

## सड़कों, चौक-चौराहों पर अवैध ठेले, गुमटियों की भरमार, निगम प्रशासन बेपरवाह

# 7000 पंजीकृत, वेंडिंग जोन के लिए 63 स्थान चिन्हांकित, दो साल में बने सिर्फ चार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर शहर में फुटकर ठेले, गुमटी और फेरीवालों के लिए टाउन वेंडिंग कमेटी ने 70 वार्डों में सर्वे कराने के बाद 64 वेंडिंग जोन तय किए थे। कमेटी के आदेश पर इनमें से 23 स्थान वेंडिंग जोन के लिए चिन्हांकित किए गए, पर केवल 4 जगहों पर ही वेंडिंग जोन इस समय सुव्यवस्थित रूप से संचालित है। बाकी 19 जगहों पर आज तक वेंडिंग जोन शुरू नहीं हो पाए। इसके चलते शहर में अवैध ठेले और गुमटियों की भरमार ने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था की बखिया उधेड़कर रख दी है। प्रशासन और नगर निगम 2 साल बाद भी इस खामी को सुधार नहीं पाए।

राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत फुटकर वेंडरों की स्थिति जानने 2 साल पहले शहरभर में सर्वे कराया गया, जिसमें 7 हजार वेंडर चिन्हांकित किए गए। इसके बाद नगर निगम के 70 वार्डों में नगर वेंडिंग कमेटी की सिफारिश के बाद इन वेंडरों के लिए 63 जगह वेंडिंग जोन बनाने का निर्णय लिया गया। कमेटी से 23 जगहों पर वेंडिंग जोन बनाने का आदेश होने के बाद भी मात्र 4 जगहों पर वेंडिंग जोन शुरू हो पाए। 19 स्पॉट पर वेंडिंग जोन फाइल से बाहर नहीं निकल पाए हैं। 4 जगहों में से ईदगाहभाठा जोन कार्यालय से आरकेसी गेट तक, केनाल रोड के बाजू अहिल्या बाई चौक, मोवा ओवरब्रिज के नीचे सहित एक अन्य जगह पर वेंडिंग जोन शुरू हो पाए हैं।

### साल पहले नगर निगम ने जोनवार कराया था सर्वे | वेंडरों को सुव्यवस्थित जगह उपलब्ध नहीं, ट्रैफिक जाम से जनता परेशान




### पीपीपी मोड पर 4 जगहों पर वेंडिंग जोन

राजधानी में 4 जगहों पर प्रथम चरण में पीपीपी मोड पर वेंडिंग जोन बनाए जाएंगे। इसमें वाई-फाई और चार्जिंग पाइंट की सुविधा लोगों को मिलेगी। योजना के मुताबिक वेंडिंग जोन में रोशनी के लिए सोलर लाइट का इस्तेमाल किया जाएगा। भुवनेश्वर शहर की तर्ज पर ये वेंडिंग जोन गांधी उद्यान के समीप, टिकरापारा में पुजारी पार्क के पास, जब्बार नाला के पास पाम ब्लाजियो के नजदीक की जगह और बूढ़ापारा धरनास्थल की खाली जगह को इसके लिए चिन्हांकित किया गया है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के मुताबिक जीरो बजट पर शहर में स्ट्रीट वेंडिंग जोन का कंसेप्ट है। इसमें विज्ञापन एजेंसी संबंधित स्पॉट पर विज्ञापन बोर्ड लगाकर खर्च वहन करेगी, वेंडिग जोन के रंग में एकरूपता रहेगी।

| इन जगहों पर होने थे वेंडिंग जोन | संख्या |
| --- | --- |
| सिंधी मार्केट मौदहापारा गली नंबर 1- लक्ष्मी स्टेशनरी गली | 18 |
| सिंधी मार्केट मौदहापारा गली नंबर 2-पंजाब एंड सिंध बैंक गली | 20 |
| गली नंबर 3 मौदहापारा थाना के सामने | 20 |
| गली नंबर 4 गुजराती गेस्ट हाउस | 22 |
| केनाल रोड के बाजू अहिल्या बाई होल्कर चौक | 17 |
| कैलाशपुरी ढाल से मारवाड़ी श्मशानघाट मार्ग | 30-35 |
| ईदगाहभाठा जोन 5 कार्यालय के पास आरकेसी गेट से सुलभ तक सड़क के दोनों ओर | 0-20 |
| भाठागांव नाका चौक से ऑटो स्टेंड के पास | 13 |
| मठपुरैना त्रिमूर्ति मंदिर के सामने | 13 |
| छत्तीसगढ़ बोर्ड आफिस के पास टैगोरनगर | 13 |
| हीरापुर बाजार पानी टंकी के पास | 15 |
| रायपुरा विसर्जन कुंड के पास दोनों ओर | 20 - 30 |
| एक्सप्रेस-वे तेलीबांधा थाना रोड से शीतला माता नर्सरी एक्सप्रेस-वे हाईवे के नीचे | 80 |
| भनपुरी थाने के पास | 12 |
| खमतराई एचटीपी प्लांट के पास पौनी पसारी स्थल पर | 35 |
| खमतराई ओवरब्रिज के नीचे | 10 |
| गुढ़ियारी पड़ाव | 45 |
| गोंदवारा अंडरब्रिज स्थित पीडब्लूडी निर्मित गार्डन के पास | 30 |
| मोवा ओवरब्रिज के नीचे एक तरफ | 12 |
| मोवा ओवरब्रिज के नीचे दूसरी तरफ | 12 |
| एलआईसी के बाजू में एक्सप्रेस-वे किनारे | 50 |
| एक्सप्रेस ओवरब्रिज के नीचे | 50 |
| एक्सप्रेस-वे और बलौदाबाजार रोड जंक्शन पर सड़क किनारे | 50 |

## मेटल पार्क में अधूरी-टूटी नालियों ने बिगाड़ी वार्ड की व्यवस्था, अब सड़क पर फैली गंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

15 साल पुरानी बसाहट के बीच निगम के जिम्मेदारों ने पानी निकासी के लिए नालियों का निर्माण नहीं करवााया है। इससे 4 हजार से ज्यादा आबादी के बीच मेटल पार्क वार्ड में व्यवस्था बिगड़ने लगी है। कुछ साल पहले तक आसपास के खाली प्लाटों में पानी जाने से सामान्य दिनों में सड़क तक घरों की गंदगी नहीं पहुंचती थी। अब अधूरी-टूटी नालियों के कारण सिवरेज लाइन का गंदा पानी ओवरफ्लो होने से लोगों की आवाजाही के लिए बनवाई गई सड़क पर जमा होने लगा है। बारिश शुरू होने से पहले अव्यवस्था को देखते हुए लोगों को जलभराव की चिंता सताने लगी है।



वैसे तो बिरगांव के कई वार्डों में अधूरी नाली निर्माण के चलते पानी निकासी की समस्या बारिश के दिनों में होती है। इस बार मेटल पार्क इलाके में गर्मी में ही लोगों के घरों का गंदा पानी सड़क पर जमा होने लगा है। इसे देखते हुए वार्ड क्रमांक 9 के लोगों ने चार दिन पहले एमआईसी सदस्य इकराम अहमद को समस्या का निदान करवाने के लिए वार्ड का भ्रमण करवाया। इसके बाद भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई है। इससे सोम कोल्ड के पिछे हिस्से में कई गलियों में लोगों के घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर जमा होने लगा है। समय रहते पानी निकासी का इंतजाम नहीं करने पर बारिश के दिनों में जलभराव की समस्या होने वाली है। इस क्षेत्र से होते हुए लोग शीतला माता मंदिर आते-जाते हैं। पैदल आने-जाने वाले लोगों को ज्यादा परेशानी होती है।

### जांच के बाद करेंगे कार्रवाई

जिस क्षेत्र की समस्या बता रहे हैं, वहां 25 से 30 हजार का काम होगा, तो जांच करवाने के बाद तुरंत कार्रवाई की जाएगी। इससे ज्यादा खर्च की स्थिति बनने पर जानकारी लेने के बाद प्रक्रिया की जाएगी।

**- दीपक खांडे**, मुख्य अभियंता, पीडब्ल्यूडी, ननि बिरगांव

## खाद्य कारोबारियों के लिए सशुल्क प्रशिक्षण अनिवार्य

**रायपुर।** भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण द्वारा एक्ट के तहत खाद्य कारोबारियों के लिए सशुल्क प्रशिक्षण अनिवार्य किया गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सर्वेश यादव ने बताया कि खाद्य कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा विषय से संबंधित प्रशिक्षण देने एफएसएसआई नई दिल्ली ने 229 ट्रेनिंग पार्टनर को अधिकृत किया हुआ है। संबंधित संस्था निर्धारित शुल्क लेकर विभिन्न स्थानों पर ट्रेनिंग दे रहे हैं, जो प्रत्येक कारोबारी के लिए अनिवार्य है।

## आधुनिक जीवनशैली की बीमारियों से मुक्त करने का कारगर माध्यम है योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आधुनिक जीवनशैली की बीमारी मोटापा, बीपी-शुगर से मुक्त रहने का कारगर माध्यम योग है। इसे दिनचर्या में शामिल करने लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। एम्स में आयोजित योगोत्सव-2024 में चिकित्सकों के साथ पुलिस अधिकारियों ने योग के आसन सीखे। योग को दैनिक दिनचर्या में प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की ओर से विशेष आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न योगासनों की मदद से आधुनिक जीवनशैली की कई बीमारियों को दूर करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। 'योगोत्सव-2024' में प्रमुख रूप से विभिन्न प्रकार के आसनों से शरीर को मजबूत बनाने, प्राणायाम की मदद से ऑक्सीजन लेकर खुद को तनावमुक्त करने और शरीर को स्वस्थ रखने की विभिन्न विधाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक अशोक जिंदल ने कहा कि स्वस्थ रहने में योग का महत्वपूर्ण योगदान है। योग किसी भी आयुवर्ग में किया जा सकता है। इससे स्वास्थ्य चुनौतियों का आसानी के साथ मुकाबला संभव है। मेडिकल ऑफिसर (योग) डॉ. विक्रम पई ने कहा कि योग पर निरंतर शोध और अनुसंधान से सिद्ध हुआ है कि कई बीमारियों का कारगर इलाज योग के माध्यम से संभव है। योग के माध्यम से तंदुरुस्त शरीर के साथ रोग प्रतिरोधक क्षमता में बढ़ोतरी होती है। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह, चिकित्सा अधीक्षक रेणु राजगोपाल के विभिन्न चिकित्सक, पुलिस अधिकारियों, सीफेट और आयुर्वेद कॉलेज से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## आईवीएफ सेंटर मामला, जांच के बाद टीम सौंपेगी रिपोर्ट

**रायपुर।** आईवीएफ सेंटर में हुई मौत के मामले में लापरवाही की जांच कर रही स्वास्थ्य विभाग की टीम घटना के जुड़े कुछ लोगों के बयान दर्ज नहीं कर पाई है। कमेटी बयान लेने के बाद जल्दी अपनी जांच पूरी कर रिपोर्ट सीएमएचओ को सौंपेगी। कमेटी इस बारे में पतासाजी कर रही है कि नीलम साहू की मौत की वजह क्या है और इसमें लापरवाही क्या बरती गई है। महिला की सर्जरी करने के लिए निर्धारित मापदंडों को पूरा किया गया अथवा नहीं। पिछले माह नीलम की मौत के बाद उसके परिजनों ने आईवीएफ सेंटर पर बड़ी लापरवाही बरतने का आरोप लगाया था। उनका कहना था कि नीलम की तबीयत बिगड़ने की जानकारी उन्हें नहीं दी गई और उसे दूसरे अस्पताल शिफ्ट किया जा रहा था।


# वन बल में 21 साल बाद वृद्धि का प्रस्ताव, 2955 नए पद मांगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वन मुख्यालय ने राज्य शासन को वन अमले में 21 साल बाद सेटअप रिव्यू का प्रस्ताव भेजा है। एसीएस वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को भेजे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि विभागीय कामकाज में असंतुलन का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए सेटअप रिव्यू आवश्यक हो गया है। पूर्व में भेजे गए प्रस्ताव के अनुसार 3243 पदों की वृद्धि मांगी गई थी। ये पद वन मुख्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय, वन्यप्राणी, वन अनुसंधान संस्थान के सेटअप को शामिल करते हुए मांगे गए थे। इसे पुनः संशोधित कर कुल 2955 पदों का प्रस्ताव भेजा गया है।

■ सेटअप कम होने से हाथी प्रबंधन से लेकर वन अपराध रोकना चुनौती

गौरतलब है कि मुख्यालय सेटअप की स्वीकृति वर्ष 2001 में तथा मैदानी सेटअप की स्वीकृति वर्ष 2003 में दी गई थी। इसके बाद से विभागीय सेटअप का पुनरीक्षण नहीं हुआ है। वन विभाग को छोड़ अन्य विभाग, जिसमें पंचायत सहित स्वास्थ्य, श्रम, पुलिस, महिला एवं बाल विकास, नगरीय प्रशासन विभाग में 300 से सौ प्रतिशत तक सेटअप की वृद्धि की गई है। बीते 21 सालों में वन विभाग में महज 0.25 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।




राज्य के वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में अन्य राज्यों की तुलना में कम अमला स्वीकृत है, जबकि राज्य का 44 प्रतिशत भू-भाग वनक्षेत्र है। राज्य के वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग में कई अन्य योजनाएं कैंपा, राष्ट्रीय बांस मिशन, संयुक्त वन प्रबंधन, वन विकास अभिकरण, ग्रीन इंडिया मिशन, मनरेगा, जनसूचना चालू होने के कारण कार्यभार में वृद्धि हुई है।

### सेटअप पुनरीक्षण एक दशक से लंबित

गौरतलब है कि विभाग का सेटअप पुनरीक्षण वर्ष 2010 से विचाराधीन है। इस संबंध में वित्त विभाग के अधिकारियों के साथ कई बार बैठकें हो चुकी हैं। बावजूद इसके सेटअप पुनरीक्षण प्रस्ताव का अनुमोदन नहीं हो पाया है।

### सेटअप कम, वन अपराध पर अंकुश नहीं

सेटअप कम होने की वजह से वन अपराध पर अंकुश लगाना वन अफसरों के लिए एक बड़ी चुनौती है। साथ ही राज्य के ज्यादातर जिले हाथी प्रभावित हैं। ऐसे में हाथी प्रबंधन को लेकर एक अलग से सेटअप की जरूरत है। अमला कम होने की वजह से हाथी प्रबंधन से लेकर वनों में अवैध कब्जा रोकने का कार्य बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है।

छत्तीसगढ़ का शुद्ध शाकाहारी भव्य मांगलिक प्रांगण




गायत्री पैलेस
चिखली, धमधा रोड, दुर्ग

हमारी विशेषता
• 52 एयरकंडीशन रूम • 8,000 वर्गफीट का एयरकंडीशन बैंक्वेट हॉल
• 40,000 वर्गफीट का विशाल लॉन • 4,000 वर्गफीट की भव्य लॉबी
• लिफ्ट की सुविधा • पर्याप्त पार्किंग स्थल • टैरेस गार्डन • 2 ब्यूटी पार्लर
• स्वीमिंग पूल एवं रेन डांस • 1200 वर्गफीट का रेस्ट रूम

:: विवाह, सगाई, वर्षगांठ, जन्मदिवस, कॉन्फ्रेंस आदि शुभअवसरों के लिए सर्वोत्तम स्थान ::
E-Mail: gayatripalace15@gmail.com www.gayatripalace.co.in
70498 11111, 93030 72667, 83053 77774

Health Town

डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक

Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244

स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चने दानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### रेलवे प्लेटफार्म पर फर्राटे भर रहे बाइकर्स

**बालोद।** रेलवे प्लेटफार्म इन दिनों मोटर सायकल चालकों का पसंदीदा स्थल बन गया है। वे बेरोकटोक प्लेटफार्म में फर्राटे से मोटर सायकल चला रहे हैं। इससे यात्रियों में भय एवं आक्रोश व्याप्त है।

### जिला महार समाज कोसरिया शाखा के अध्यक्ष बने खेमलाल



**बालोद।** जिला महार समाज कोसरिया शाखा के संगठन की बैठक करहीभदर में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से अध्यक्ष खेमलाल आमदे, उपाध्यक्ष अर्जुन उन्द्राले, सचिव गोलू, कोषाध्यक्ष सहसचिव रामेश्वर लावत्रे, कोषाध्यक्ष लीलाराम शहरे को चुना गया। विशेष सलाहकार सदस्य रामप्रसाद लाडेकर, नरेश तामुरिया, भागवत लावत्रे, लक्ष्मण वारदे, धनीराम कोटांगले, नारायण कौशल, झुमुकलाल शहरे, मंशाराम टेमरे व मीडिया प्रभारी खिलेंद्र कुमार को मनोनीत किया गया।

### रेलवे स्टेशन में किया गया यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण



**बालोद।** रेलवे स्टेशन बालोद में उच्च रक्तचाप परीक्षण के संबंध में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान भारत एवं मारुति नर्सिंग कॉलेज बालोद के बीएससी नर्सिंग चतुर्थ वर्ष के छात्र छात्राओं ने स्टेशन में यात्रियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इसके साथ ही उच्च रक्तचाप से संबंधित लक्षण, उपचार व सावधानियों के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में भारत कॉलेज के प्रिंसिपल डेनियल दीपक मसीह एवं मारूति कॉलेज के प्रिंसिपल सिजो कोशी तथा शिक्षक भी उपस्थित थे।

### धारदार हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** धारदार हथियार के साथ युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 324, 34 भादवि, 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि गौतम नगर सुपेला निवासी रोहन कुमार लक्ष्मी मार्केट स्थित दुकान से वापस आ रहा था। इस दौरान आरोपी नशा उर्फ चिंटू बिना कारण गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा। हाथ में रखे धारदार हथियार से पीड़ित पर हमला कर दिया। घटना में पीड़ित के हाथ, कोहनी, गाल, गर्दन में चोट आई है।

# महतारी एक्सप्रेस से 8 माह में 8747 गर्भवती महिलाओं को मिली त्वरित मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

102 महतारी एक्सप्रेस से 8 माह में 8747 गर्भवती महिलाओं को त्वरित मदद दी गई। कई बार विपरित परिस्थितियों में भी दल ने महिलाओं की मदद कर अस्पताल पहुंचाया। जिला समन्वयक हाशिम खान ने बताया की महतारी एक्सप्रेस सर्विस को बेहतर से बेहतर करने के लिए पूरी टीम संकल्पित है। उन्होंने बताया कि हमारी टीम गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों को त्वरित सेवा प्रदान करने का लगातार प्रयास कर रही है। 12 एम्बुलेंस 102 महतारी एक्सप्रेस बेमेतरा में कार्यरत है जो विभिन्न स्थानों में तैनात की गई है। जिसमें जिला अस्पताल 1 साजा मे, थान खमारिया मे, देवेरबीजा, देओकर, खंडसरा, नवागढ़, बेरला, गुधेली, नंदघाट, संबलपुर, कुशमी सम्मिलित है। लाइव मानिटरिंग के लिए आधुनिक टेक्नॉलाजी से लैस है सभी एम्बुलेंस। उन पर निगरानी करना बहुत सरल है ताकि जरूरत वाले को तुरंत सर्विस दी जा सके, 8 माह में बहुत से डिलीवरी एम्बुलेंस में ही हो चुकी है, जिसमे जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। सूचना मिलते ही 102 महतारी एक्सप्रेस तुरंत ही बताए हुए स्थान पर पहुंच जाती है, जिलावासियों को भी 102 महतारी एक्सप्रेस सेवा के लाभ प्राप्त हो रहे है।

■ बेहतर सेवा देना हमारा संकल्प: जिला समन्वयक

## जिले में 12 एंबुलेंस की जा रही संचालित




### 50 से अधिक डिलिवरी एंबुलेंस में ही कराई गई

बेमेतरा जिले में 1 अक्तूबर 2023 से संचालित 102 महतारी एक्सप्रेस सेवा अपने 8 माह के कार्यकाल में 8 हजार 747 लोग को लाभान्वित किया है, साथ ही अस्पताल से घर छोड़ने के लिए भी 102 महतारी एक्सप्रेस सेवा अभूतपूर्व कार्य का प्रदर्शन किया है। लगभग 50 से अधिक डिलवरी को मितानिन की सहायता से एम्बुलेंस में सुरक्षित तरीके से करवाया है। एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल में रिफर हुए केस भी 102 महतारी एक्सप्रेस सेवा में शामिल हैं। अक्तूबर 2023 में लाभार्थी 868 ,नवम्बर 2023 में लाभार्थी 1415, दिसम्बर मे लाभार्थी 992, जनवरी 2024 में लाभार्थी 1553, फरवारी मे लाभार्थी 1450, मार्च मे लाभार्थी 1314, अप्रैल में लाभार्थी 1155 को 102 महतारी एक्सप्रेस सेवा द्वारा तत्काल सर्विस प्रदान की गई । समय से घर से अस्पताल और अस्पताल से घर पहुंचाया गया ।

## विडंबना : जिम्मेदारों की अनदेखी से दम तोड़ रही स्वच्छ भारत मिशन योजना

# कई गांवों का सामुदायिक शौचालय बने शो-पीस






बेमेतरा ▶▶| अमीन पप्पू रवानी

शासन-प्रशासन के स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जिलेभर के सभी ग्राम पंचायतों में निर्मित सामुदायिक शौचालय योजना का इन दिनों हाल-बेहाल है। कहीं, सामुदायिक शौचालय पर ताला लटका हुआ है, तो कहीं सिर्फ शो पीस बनाकर रह गए हैं। वहीं, कहीं इसकी दीवार पर निजी संस्थानों के प्रचार-प्रसार के लिए उपयोग किया जा रहा है। कहीं-कहीं इनका निजी उपयोग भी किया जा रहा है जो कि बड़ा गम्भीर बात है। जिम्मेदार प्रशासन की निष्क्रियता एवं उदासीनता के कारण आज यह महत्वाकांक्षी योजना बर्बाद होकर पूरी तरह फेल साबित हो रही है। इसके साथ ही सम्बन्धित जिला प्रशासन व ज़िला पंचायत सहित स्थानीय पंचायतों की भूमिका सवालों के घेरे में है।

दरअसल बेमेतरा ज़िला में कुल 429 ग्राम पंचायत अंतर्गत 702 ग्राम हैं। इनमें नवागढ़ जनपद में 111, बेमेतरा जनपद में 110, बेरला जनपद में 102 व साजा जनपद में 106 पंचायत आते हैं। इनमें शासन-प्रशासन से जुड़े सरकारी योजनाओं व कार्य का संचालन जिला पंचायत द्वारा जनपद व स्थानीय ग्राम पंचायत के माध्यम से कराया जाता है। इसी सिलसिले में केंद्र शासन द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत ग्राम पंचायत मुख्यालयों में मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था के लिए प्रत्येक गाँवों में करीब 3.50 लाख की लागत से सार्वजनिक शौचालय निर्माण की योजना लागू की गई। इसके लिए जनपद के माध्यम से ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण विगत पूर्व में किया गया है। किन्तु आज सरकार की यह योजना धरातल पर दम तोड़ती दिखाई दे रही है। ज़िले की ग्राम पंचायत दाढ़ी में जहां सार्वजनिक शौचालय पर गोबर के कंडे बनाने का कार्य किया जा रहा है, तो साजा जनपद के कोहका पंचायत महज शो पीस बनाकर गाँव में खड़ा कर दिया गया है। आलम यह है कि सार्वजनिक शौचालय की उपयोगिता गाँव-गाँव में न के बराबर है एवं ताला लगे होने से लोग सरकारी सुविधा से अनजान है। वहीं, कहीं-कहीं देखरेख के अभाव में यह असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है, जहां ऐसे लोग जमावड़ा लगाकर तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसके बावजूद स्थानीय पंचायत से लेकर जनपद व जिला पंचायत तक के अफसरों को इस गम्भीर मसले का सामाधान कर उचित व्यवस्था करने में पीछे नज़र आ रहे हैं। लिहाजा प्रशासन की यह यह महत्वाकांक्षी योजना ज़िले में फ्लॉप नज़र आ रही है।

### निर्माण के दौरान बरती गई लापरवाही

जानकारी के मुताबिक शासन-प्रशासन द्वारा इस योजना के निर्माण में कड़ाई के अभाव में ठेकेदारों द्वारा निर्माण के दरम्यान काफी मनमानी व लापरवाही बरती गई है। इसके कारण इस योजना से निर्मित अधिकांश सार्वजनिक शौचालय में गुणवत्ता सुविधा एवं उपयोगिता को लेकर सवालिया प्रश्नचिन्ह हैं। वहीं, निर्माण पश्चात ज्यादातर शौचालय का न तो उद्घाटन हुआ है, न ही जनता को सौंपा गया है। इसके कारण यहां सालों से ताला लगा हुआ है।

### कई गांवों में शौचालय से सामान की चोरी

कई गाँवों में ताला तोड़कर असामजिक लोगों द्वारा बिजली सामान, सोलर सामान, टँकी, दरवाजे खिड़की सहित अन्य सामानों को चोरी कर लिया गया है। इसके कारण शौचालय महज शो पीस बनकर रह गए हैं। इसकी जानकारी पंचायत प्रशासन को होने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहा है, जबकि निर्माण पश्चात बकायदा शौचालय को जनता को समर्पित कर देना था, किंतु जनपद ज़िला से लेकर सभी जिम्मेदार अफसर इसकी जानकारी होने कर बावजूद एक्शन लेने में हिचक रहे हैं।



# बच्चे नवोदय के साथ एनएमएमएस और प्रयास परीक्षा की कर रहे तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

विकासखंड बेरला के शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला लावातरा में समर स्पेशल क्लास का आयोजन किया जा रहा है। समर कैंप में बच्चों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाएं जैसे नवोदय, एनएमएमएस तथा प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के बारे में जानकारी देकर इन परीक्षाओं की तैयारी भी कराई जा रही है।

भुवन लाल साहू व्याख्याता शासकीय हाई स्कूल लावातरा के द्वारा इन बच्चों को मानसिक योग्यता परीक्षण एवं गणित संबंधी प्रश्नों का अभ्यास कराया जा रहा है। वीणा देवी सारथी शिक्षिका शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लावातरा द्वारा इन बच्चों को विज्ञान एवं व्याकरण संबंधी प्रश्नों का अभ्यास कराया जा रहा है। ओंकार प्रसाद साहू प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला लावातरा के द्वारा नवोदय वाले बच्चों को तर्कशक्ति एवं गणित विषय के प्रश्नों का अभ्यास कराया जा रहा है एवं रानी साहू स्वयंसेवी शिक्षिका के द्वारा बच्चों को हिंदी भाषा संबंधी प्रश्नों का अभ्यास कराया जा रहा है। बच्चे स्वस्फूर्त होकर उत्साह पूर्वक इस समर क्लास में भाग ले रहे हैं। इस समर क्लास में लगभग 40 विद्यार्थी प्रतिदिन उपस्थित होकर इन परीक्षाओं का अभ्यास कर रहे हैं। उक्त समर स्पेशल क्लास पुष्कर कुमार परगनिहा प्रधान पाठक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लावातरा के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में पालकों की सहमति से हो रहा है।

■ शासकीय विद्यालय लावातरा में किया जा रहा है समर कैंप का आयोजन

# वर्षा को मिला राज्य स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राजधानी रायपुर के वृंदावन सभागार में शिक्षक कला एवं प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिले की शासकीय प्राथमिक शाला केंवतरा विकासखण्ड साजा की शिक्षिका वर्षा जैन को शिक्षा, साहित्य एवं कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए राज्य स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। साथ ही उन्हें शिक्षक, कला एवं साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ में प्रचार मंत्री के पद पर मनोनित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रख्यात साहित्यकार एवं जनकवि मीर अली मीर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरपीएफ निरीक्षक एवं मशहूर पंडवानी गायिका तरुणा साहू ने की। विशेष अतिथि के रूप में मंच संचालन समिति के प्रांतीय संयोजक चंद्रशेखर परगनिहा, समाजसेवी तारेंद्र चंद्राकर एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित एवं संस्था के संरक्षक परस साहू रहे। शिक्षिका वर्षा जैन को सम्मान प्राप्त होने पर साजा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी नीलेश चन्द्रवंशी, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक बी डी बघेल, एपीसी कमलनारायण शर्मा, प्रधान पाठक हरि केडिया ने उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# यंग साइंटिस्ट इंडिया ग्रैंड फिनाले में शामिल होंगे डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता के 25 बच्चे




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जांता के छात्र पहला (स्पेस)अंतरिक्ष विज्ञान, दूसरा इलेक्ट्रॉनिक्स, तीसरा एप डेवलपमेंट, चौथा रोबोटिक्स साइंटिस्ट वर्ग में कुल 25 छात्र-छात्राओं का जिसमें कक्षा 8 वीं से कक्षा 12 वीं तक के स्कूल से विद्यार्थियों का चयन हुआ है, यह सभी विद्यार्थी वैज्ञानिक प्रतिभा की धनी है। साइंटिस्ट क्षेत्र में व नवाचार के साथ विभिन्न आइडिया वर्किंग मॉडल के साथ मंगाया गया था, जिसमें इन पच्चीस बच्चों का चयन हुआ है।

चंद्रपाल चन्द्राकर आर्मी मिशन नर्सरी प्लांट, पुष्पेन्द्र साहू रोपण मशीन के लिए मधुमक्खी, लवकेश चन्द्राकर एवं इंद्रजीत कौशल-ओवर सेफ्टी ड्राइव, लोमश देवांगन-शहर के अपशिष्ट जल का पुनर्चक्रण, राहुल चंद्राकर जो लोगों के लिए उपकरण, शिवम सिंह ठाकुर ईवी वाहन में लगा पोर्टेबल चार्जर, राघवेन्द्र चन्द्राकर फसल फाइलिंग मशीन, सत्यम सिंह ठाकुर वाहन अग्नि सेंसर, जानकी चन्द्राकर वर्षा से फसल की सुरक्षा, जेम्स हलधर सुरक्षा दुर्घटना सेंसर,धर्मेंद्र जायसवाल सोलर पैनल रिक्शा, आदित्य देवांगन- रोबोट प्रमुख, दिनेश साहू- ट्रक हाइड्रोलिक व्हील आपातकालीन, अभय साहू- वाहन द्वारा ठोस सामग्री को खाली करें, रश्मि त्रिपाठी एवं आकांक्षा देवांगन- स्टेशन डिटेक्टर, हर्ष गुप्ता एवं मौली गुप्ता ड्राइवर के लिए एंटी स्लीप अलार्म, दामिनी चन्द्राकर- इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पुष्केश्वर निर्मलकर- वाहन में असुरक्षा चिंताजनक पर बचाव, महेश चन्द्राकर-ट्री सेफ़र मशीन, सीता राम चन्द्राकर-ब्लाइंड हेल्पर ऐप, केशव कुमार साहू-यातायात टरबाइन ऊर्जा,आशुतोष द्ववेदी- बिना हाथ वाले लोगों के लिए काम करने वाला हाथ यह विभिन्न आडिया के साथ चयन हुआ हैं।

### स्पेस किड्ज इंडिया व यंग साइंटिस्ट इंडिया द्वारा किया जाता है आयोजन

उल्लेखनीय है कि स्पेस किड्ज इंडिया व यंग साइंटिस्ट इंडिया की ओर से प्रत्येक वर्ष यह आयोजन कराया जाता है। इसमें कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक के विद्यार्थी इस आयोजन का हिस्सा बनते हैं। यह आयोजन 2015 से प्रारंभ हुआ है। इस सत्र में यह दसवां संस्करण है। प्राचार्य पीएल जायसवाल ने बताया कि विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का 'स्पेस किड्स इंडिया संस्था 'के ग्रैंड फिनाले के दसवें संस्करण में यंग साइंटिस्ट इंडिया चैलेंज 2023-24 प्रतियोगिता में चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता चेन्नई में 19 व 20 जुलाई 2024 को आयोजित की जाएगी। विद्यार्थियों ने सभी चारों वर्गो में भाग लेकर परचम लहरा दिया है। चारों वर्गों में चयनित हुए विद्यार्थियों द्वारा चेन्नई में क्रियात्मक मॉडल के साथ प्रस्तुत करना होगा। यंग सांइटिस्ट इंडिया की प्रमुख व सीईओ केशन सहित देश-विदेश के बड़े-बड़े वैज्ञानिक जज के रुप उपस्थित रहेंगे। भारत के शिक्षा विभाग व देश के तमाम बड़े वैज्ञानिकों द्वारा इस प्रस्तुति के आधार पर प्रथम से लेकर टॉप 16 विद्यार्थियों को पुरस्कार में चैक, सहित सभी विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट, मेडल व मेमेंटो भी प्रदान किया जाएगा।

# साहू समाज के 55 युवाओं ने किया रक्तदान

## मां भानेश्वरी महोत्सव के उपलक्ष्य में किया गया स्वास्थ्य परीक्षण व रक्तदान शिविर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

साहू समाज युवा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में मां भानेश्वरी महोत्सव का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य में साहू सदन जिला बालोद में रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य प्रशिक्षण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ डॉक्टर अजय साहू, डॉक्टर प्रदीप साहू, आयुषी साहू, तोमन साहू, दिनेश्वर साहू, हेमप्रकाश साहू, भगवान दास साहू, मोरध्वज साहू ने दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ छत्तीसगढ़ टहल साहू थे, अध्यक्षता अध्यक्ष जिला साहू संघ बालोद सोमन लाल साहू ने की। विशिष्ठ अतिथि विधायक धमतरी ओंकार साहू, पूर्व विधायक बीरेंद्र साहू, चतुर्भुज साहू, रमेश सोनवानी, प्रदेश पदाधिकारी अंतरराष्ट्रीय रंगोली कलाकार प्रदीप साहू, तहसील अध्यक्ष मदन सोनबरसा, सोमेश साहू, युवराज साहू, उमाशंकर साहू, मानसिंह सार्व, नरेंद्र हिरवानी, अंजनी साहू, द्रोपती साहू, देवा साहू, तोरण साहू उपस्थित थे। शिविर में 200 से अधिक युवाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा 55 युवाओं ने रक्तदान किया। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष टहल साहू ने कहा कि अगर युवा अपने संस्कार, अपने फर्ज को ना भूलें, तो समाज में स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार में सुधार आ जाएगा और समाज की दशा दिशा बदल जाएगी। उन्होंने कहा कि आज युवा पीढ़ी शिक्षित हो रही है। विधायक धमतरी ओंकार साहू कहा कि समाज के हर युवा को रक्तदान करना चाहिए, आपके रक्तदान करने से किसी की जिंदगी बच सकती है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए युवा प्रकोष्ठ के संयोजक दिनेश्वर साहू, सहसंयोजक हेम प्रकाश साहू, तोमन साहू, मोरध्वज साहू, खूब लाल साहू, दानी साहू, धर्मेंद्र साहू, आजेंद्र साहू, डोमन साहू, पंकज साहू, संजय साहू, मेघनाथ साहू, नवीन साहू उपस्थित थे।




| Balod To | Zest | Crysta | Today Offer |
|---|---|---|---|
| Raipur Airport | 1499 | 2999 | 999 |
| Nagpur / Jabalpur/ Ambikapur | 4999 | 7999 | 2999 |
| Sambalpur / Bargarh / Blangir | 3999 | 7999 | 1999 |

